पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 7 मार्च, 2018

त्रिपुरा में जीत पार्टी विचारधारा की जीतः मोदी

पूर्वोत्तर में जीत का उत्साह भाजपा की संसदीय दल की बैठक में भी देखने को मिला

एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में भाजपा की शानदार जीत के बीच आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिपुरा में भाजपा की जीत को पार्टी के विचारधारा की जीत बताया जिसने देश के मिजाज को बदलने का काम किया है। मोदी ने चुनावी जीत की लय को बरकरार रखने के लिए पार्टी सांसदों एवं कार्यकर्ताओं से लोगों की आशा-आकांक्षा को पूरा करने के मकसद से कठिन परिश्रम करने को कहा। त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड विधानसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उनके इस बयान को आने वाले दिनों में कर्नाटक समेत कुछ अन्य राज्यों में विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। पूर्वोत्तर में जीत का उत्साह भाजपा की संसदीय दल की बैठक में भी देखने को मिला। संसद में बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू होने के बाद आज भाजपा की संसदीय दल की बैठक में सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारे लगाकर स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी जैसे ही बैठक में पहुंचे वैसे ही सांसदों ने जीत हमारी जारी है, अब कर्नाटक की बारी है का नारा लगाया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को मिठाई खिलाई।

बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री अनंत कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि त्रिपुरा में वामदल पर भाजपा की जीत विचारधारा की जीत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पार्टी सांसदों से लोगों की आशा आकांक्षा को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करने को कहा है। बैठक में मौजूद पार्टी के नेताओं के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में भाजपा के प्रभावकारी प्रदर्शन की चर्चा की। त्रिपुरा में भाजपा की जीत को कमतर बताने के कुछ आलोचकों के बयानों के संदर्भ में बैठक में मोदी ने कहा कि यह राज्य लम्बे समय से बदलाव की आस लगाए हुए था जहां वामदलों का 25 वर्षो से शासन था और यह राज्य उनका गढ़ माना जाता था और अब वह केवल केरल में बची है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में पार्टी की जीत ने पार्टी और देश के मिजाज को बदलने का काम किया है। पार्टी नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस जीत को पार्टी की विचारधारा की जीत बताया और कहा कि लोगों ने हिंसा और घृणा की राजनीति को नकार दिया है। संसदीय कार्य मंत्री ने मोदी का हवाला देते हुए कहा कि देश में लोगों में उम्मीद और आशा का माहौल है और पार्टी को जीत की लय को बरकरार रखने के लिए कठिन परिश्रम करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड समेत पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि जब भी भाजपा जीतती है तब उससे ध्यान हटाने के लिए छोटे मुद्दों को तुल दिया जाता है। बैठक में सभी पार्टी सांसद पूर्वोत्तर क्षेत्र से जुड़े अंगवस्त्रम को धारन किए हुए थे और उन्हें असम के कामाख्या मंदिर का प्रसाद दिया गया।

प्रधानमंत्री ने पार्टी सांसदों से कहा कि वे बजट की विशेषताओं के बारे में जनता को बताएं जिसका जोर न्यू इंडिया पर है। उन्होंने मेघालय में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले कोनराद सांगमा को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा में राजनीतिक हिंसा में मारे गए पार्टी कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी। वहीं पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले पर संसद और संसद से बाहर विपक्ष के आरोपों के बारे में अनंत कुमार ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर नियमों के दायरे में चर्चा को तैयार है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि वह संसद में व्यवस्थित चर्चा में हिस्सा लें। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा सांसदों को बजट सत्र के दूसरे चरण में विपक्ष के आरोपों और हमले का जवाब देने के लिए सही रणनीति से आगे बढ़ने के लिए कहा।

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के शानदार प्रदर्शन के बाद सोमवार को संसद परिसर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पार्टी अध्यक्ष अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी सांसदों ने अभिवादन किया। मोदी का अभिवादन करने वाले सांसदों ने पूर्वोत्तर क्षेत्र से जुड़ा एक विशेष पटका धारण किया हुआ था। मोदी ने इसके पश्चात भाजपा सांसदों के साथ तस्वीर खिंचवाई और फिर संसद में प्रवेश किया।

नई दिल्ली में भाजपा संसदीय दल की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सांसदो ने किया स्वागत

सत्ता में आने पर आंध्र को देंगे विशेष राज्य का दर्जाः राहुल

- आम आदमी पार्टी ने भी इस मांग का समर्थन किया है

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज कहा कि 2019 में सत्ता में आने पर पार्टी आंध्रप्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देगी। आम आदमी पार्टी ने भी इस मांग का समर्थन किया है। आंध्रप्रदेश के लिए विशेष दर्जा की मांग करते हुए जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह से उन्होंने कहा, आंध्रप्रदेश को हम विशेष राज्य का दर्जा देंगे। 2019 में सत्ता में आने के बाद हम यह पहला काम करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि हम एकजुट होते हैं तो हम भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विश्वास दिला सकते हैं कि आंध्रप्रदेश के लोगों का हक उन्हें दिया जाना चाहिए। बाद में उन्होंने ट्वीट किया, यह मेरा विश्वास है कि विपक्ष अगर इस मुद्दे पर एकजुट होता है तो हम भाजपा सरकार को आंध्र के लोगों के साथ न्याय करने के लिए दबाव बना सकते हैं। आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से समर्थन जताने आए हैं। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के समर्थन के संदेश के साथ आया हूं। इस मुद्दे को कांग्रेस संसद के अंदर या बाहर जहां भी उठाएगी वहां आप उसका समर्थन करेगी। हालांकि तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) केंद्र में राजग सरकार का हिस्सा है, लेकिन इसके नेता आंध्रप्रदेश की उपेक्षा के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्षी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने घोषणा की है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी जाती हैं तो इसके सभी पांच सांसद छह अप्रैल को इस्तीफा दे देंगे। पूर्ववर्ती आंध्रप्रदेश के बंटवारे के बाद यह मांग उठाई गई थी। केंद्र सरकार ने2016 में आंध्रप्रदेश के लिए विशेष पैकेज की मांग की थी लेकिन तेदेपा सरकार ने दावा किया कि इस पैकेज के तहत कोई कोष जारी नहीं किया गया। इससे आंध्रप्रदेश के लिए विशेष दर्जा की मांग तेज होने लगी है।

बाकी सब बहाना है
नीरव को बचाना है
भगोडे

भाजपा के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करेंगी सोनिया

13 मार्च को रात्रिभोज पर आमंत्रित किया

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने सभी विपक्षी दलों के नेताओं को 13 मार्च को रात्रिभोज पर आमंत्रित किया है जिसे भाजपा के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने के ताजा प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पार्टी के एक जानकार सूत्र ने बताया कि संसद में सरकार पर हमला बोलने के लिए विपक्षी दलों द्वारा हाथ मिलाए जाने की पृष्ठभूमि में यह पहल विपक्ष को मजबूत करने तथा2019 के लोकसभा चुनावों के लिए संयुक्त मोर्चे की नींवरखने की दिशा में एक कदम है। सोनिया गांधीने यह पहल ऐसे समय में की है जबकि गैर भाजपा, गैर कांग्रेस मोर्चा की संभावनाओं को लेकर चर्चा हो रही है। इससे पहले टीआरएस प्रमुख एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव ने इस मामले में राष्ट्रीय स्तर पर विचार विमर्श करने का प्रस्ताव दिया था। कांग्रेस के समीपी सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की कि सोनिया गांधी का रात्रिभोज उन सभी विपक्षी दलों के साथ आने को रेखांकित करेगा जो संसद के भीतर और बाहर भाजपा का मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा, यह महज रात्रिभोज नहीं होगा बल्कि यह विपक्षी दलों का शक्ति प्रदर्शन भी होगा जो भाजपा के कुशासन के खिलाफ एकजुट होकर एक मोर्चा गठित करना पसंद कर सकते हैं। कांग्रेस के जानकार सूत्रों ने अधिक ब्योरा देने से इंकार करते हुए कहा कि कई नेताओं ने इसमें अपने शिरकत करने की पुष्टि की है। हालांकि उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी इस बात को लेकर इच्छुक हैं कि सभी शीर्ष विपक्षी नेता इसमें आएं जिसमें तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी भी शामिल हों। ममता ने अभी इस बारे में पुष्टि नहीं की है कि वे इसमें शामिल होंगी अथवा नहीं। ममता ने राव और द्रमुक के कार्यकारी अध्यक्ष एम के स्टालिन से संसद के भीतर और बाहर तालमेल के लिए बातचीत की थी।

यूएसडीटीए व टाटा पावर के बीच समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली(पीएनएस)। यूएसटीडीए ने वितरित ऊर्जा संसाधन (डीईआर) जैसे छत सौर, ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के एकीकरण जैसे क्षेत्रों में अवसरों का पता लगाने और विकसित करने के लिए टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन (टाटा पावर-डीडीएल) को अपनी सहायता का विस्तार किया है। इस आशय के समझौते पर प्रवीर सिन्हा, सीईओ एवं एमडी टाटा पावर-डीडीएल और सुश्री हीथर के लैनिगन, कंट्री मैनेजर, साउथ एशिया, यूएसटीडीए ने नई में इंडिया स्मार्ट ग्रिड वीक 2018 के दौरान हस्ताक्षर किए। इस कदम से ग्रिड डेवलपमेंट के क्षेत्र में परस्पर सहयोग में तेजी आयेगी।

जीएसटी मुनाफाखोरी के 53 मामलों में जांच शुरू करने के नोटिस जारी

नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) के तहत मुनाफाखोरी के शिकायतों की जांच करने वाले रक्षोपाय महानिदेशालय ने53 मामलों में जांच शुरु करने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। वित्त राज्यमंत्री शिव प्रताप शुक्ल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उच्च सदन को बताया कि23 फरवरी की स्थिति के अनुरूप रक्षोपाय महानिदेशालय को2,732 धनवापसी के दावे प्राप्त हुए हैं तथा3,296.59 करोड़ रुपए दावे के निपटान के लिए दिए जा चुके हैं। शुक्ला ने बताया कि23 फरवरी तक स्थाई समिति को354 शिकायतें प्राप्त हुई थीं कि कर की दर में जो कटौती की गई है या इनपुट टैक्स क्रेडिट की उपलब्धता का जो लाभ है, वह उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच पाया है।

मुनाफाखोरी के विरोध से संबंधित आए इन कुल 354 आवेदनों में से 65 आवेदनों को स्थाई समिति ने जांच के लिए रक्षोपाय महानिदेशालय के पास भेज दिया है। शुक्ला ने कहा कि इनमें से 53 आवेदनों के संबंध में रक्षोपाय महानिदेशालय ने जांच शुरु करने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि स्थाई समिति ने68 आवेदनों को क्षेत्राधिकार वाले जीएसटी प्राधिकारियों के पास वापस भेज दिया है क्योंकि ये मुनाफाखोरी आवेदन नहीं थे और इसने 59 आवेदनों को राज्यस्तरीय जांच समितियों के पास पुन: विचारार्थ भेज दिया है।

पेज एक का शेष

मास्टर प्लान...

भूखण्डों के समकक्ष लाना है। मामले की सुनवाई के दौरान आज न्यायालय ने भाजपा विधायक ओम प्रकाश शर्मा और पार्षद गुंजन गुप्ता को अवमानना के आरोप से मुक्त कर दिया। सीलिंग अभियान में व्यवधान डालने के आरोप में इन दोनों को न्यायालय ने पहले कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। हालांकि, पीठ ने वीडियो फुटेज में इस्तेमाल की गई अपमानजनक भाषा और विरोध कर रहे लोगों द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के अपमान पर नाराजगी जाहिर की।

पीठ ने कहा, आप प्रधानमंत्री और किसी भी मुख्यमंत्री का सिर्फ इसलिए अपमान नहीं कर सकते कि वे आपके राजनीतिक दल के नहीं है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। पीठ ने कहा, यही सब आप कर रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री का इससे कोई लेना देना नहीं है। समिति अपना काम कर रही है। उनका (मुख्यमंत्री का) इससे कोई सरोकार नहीं है। पीठ ने शर्मा और गुप्ता को अपने समर्थकों को यह निर्देश देने के लिए कहा कि वे दोबारा ऐसा नहीं करें।

उधर, केंद्र सरकार के मास्टर प्लान में किए जा रहे प्रस्तावित संशोधनों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्टे दिए जाने को कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। व्यापारियों ने केंद्र सरकार से इसी संसद सत्र में दिल्ली में सीलिंग पर रोक लगाने के लिए एक बिल पारित करने की मांग की है। इसी बीच कारोबारी ने 8 मार्च को दिल्ली के प्रमुख व्यापारी संगठनों के नेताओं की एक बैठक बुलाई है जिसमें भविष्य की रणनीति तय की जाएगी। वहीं इस दिन आधी रात तक दुकानें खोलने के अपील को वापस ले लिया है।

आईसीआईसीआई की...

लुक आउट नोटिस भी जारी किया था। इस बीच, कोर्ट ने पीएनबी घोटाले के संबंध में पहले गिरफ्तार किए गए बैंक कर्मी गोकुलनाथ शेट्टी की सीबीआई हिरासत बढ़ाकर 15 मार्च तक कर दी है। संबंधित घटनाक्रम के तहत नीरव मोदी की कंपनी फायरस्टार डायमंड इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा संपत्तियों को सील किए जाने के खिलाफ आज दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

एसएफआईओ की कार्यवाही के बाबत सूत्रों ने बताया कि निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक के उप प्रबंध निदेशक वी श्रीनिवासन व व्यापार और लेनदेन विभाग के कार्यकारी आज गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय के समक्ष उपस्थित हुए। एजेंसी ने उन्हें जांच में मदद के लिए बुलाया था। बैंक अधिकारी करीब दो घंटे तक एसएफआईओ कार्यालय में रहे। उनसे चौकसी की गीतांजलि जेम्स तथा नीरव मोदी की कंपनियों के साथ लेनदेन के बारे में जानकारी ली गई। श्रीनिवासन से सीबीआई पहले ही पूछताछ कर चुकी है। चंदा कोचर व शिखा शर्मा को तलब किए जाने की खबर के चलते बंबई शेयर बाजार में आज आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.64 प्रतिशत के नुकसान से 295.10 रुपये पर आ गया जबकि एक्सिस बैंक का शेयर 1.31 प्रतिशत टूटकर 516.80 रुपये रह गया।

जल्द ही...

संगठन है। दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन (डीएमआरसी) द्वारा इस साल आयोजित कोमेट सम्मेलन की सालाना बैठक में मेट्रो प्रणाली, रेल और यातायात रणनीति केन्द्रों के विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। पुरी ने भारत में मेट्रो संचालन की दिशा में दिल्ली मेट्रो को अगुवा बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में डीएमआरसी के प्रबंधन और संचालन का मौजूदा दायरा 231 किमी है। यह प्रतिदिन लाखों यात्रियों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा मुहैया करा रही है। जल्द ही इसका दायरा 350 किमी को पार कर जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो रेल संचालन के सबसे बड़े दायरे वाले दुनिया के पांच अग्रणी शहरों में शुमार हो जाएगी। दिल्ली की तर्ज पर देश भर में इस कामयाबी को आगे बढ़ाने के लिए ही सरकार ने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर मेट्रो रेल नीति पिछले साल घोषित की थी। इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाते हुए वित्तीय प्रबंधन के तमाम नए और अनूठे विकल्प मुहैया कराए हैं। इस अवसर पर शहरी विकास सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा और डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक मंगू सिंह भी मौजूद थे।

संगमा बने...

भाजपा विधायक एएल हेक ने भी मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। पहली बार विधायक बने 26 वर्षीय शाइला संगमा मंत्रिमंडल के सबसे युवा मंत्री हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर संगमा और उनके मंत्रिमंडल में शामिल किए गए मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा मेघालय के लोगों की अपेक्षाओं और सपनों को पूरा करने की दिशा में आज से काम शुरू कर रहे संगमा और उनके मंत्रियों को शुभकामनाएं। शपथ ग्रहण के बाद संगमा ने संवाददाताओं से कहा कि बेहतर शासन प्रशासन मुहैया कराना उनकी सरकार का मुख्य एजेंडा है। उनकी सरकार, मंत्रिमंडल और सही मायने में सभी दलों के विधायक अपने राज्य को आगे ले जाने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे। इस बीच भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने भी संगमा को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मोदी सरकार के मार्गदर्शन में मेघालय की नवगठित सरकार राज्य में शांति, समृद्धि और विकास के लिए दोहरे इंजन की तरह काम करेगी।

गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने शिलांग में संवाददाताओं से कहा कि पूर्वोत्तर में भाजपा की जीत ने इस अवधारणा को बदल दिया है कि वहां केवल कांग्रेस ही जीत सकती है। मेघालय में भाजपा ने दो सीटें जीती हैं और अब वह संगमा सरकार का हिस्सा है। शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद कोनराड संगमा की मां सोरादीनी के संगमा की खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने बेटे को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने को सपना सच होने जैसा बताया। सोरादीनी संगमा ने कहा कि वे इस क्षण थोड़ा भावुक हो रही है। यह उनके दिवंगत पिता पुरनो ए संगमा का सपना था, वह अपने बेटे को इस पद पर देखना चाहते थे। ईश्वर दयालु है।

इस बीच, अगलतला में त्रिपुरा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बिप्लव कुमार देब ने बताया कि राज्यपाल तथागत रॉय ने उन्हें राज्य में नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। 9 मार्च को शपथ ग्रहण होगा। देब ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह और सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया जाएगा। इससे पहले देब को सर्वसम्मति से राज्य में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह घोषणा करते हुए बताया कि देब त्रिपुरा के नए मुख्यमंत्री जबकि भाजपा विधायक जिशू देबबर्मा उप मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा की चुनावी सहयोगी इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) ने मांग की है कि मुख्यमंत्री आदिवासी समुदाय से होना चाहिए। भाजपा-आईपीएफटी गठबंधन की शानदार जीत के बाद त्रिपुरा में छिटपुट हिंसा की खबरों के बीच गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने आज राज्य के राज्यपाल तथागत रॉय और डीजीपी एके शुक्ला से बात की। उनसे नई सरकार के कामकाज संभालने तक हिंसक गतिविधियों पर रोक लगाने व शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

(1) भारत के राश्ट्रपति की ओर से कार्यपालक अभियंता (वैद्युत) लो0नि0वि0 दिल्ली उच्च न्यायालय एवं नई दिल्ली/सेन्ट्रल, भूतल एम0एस0ओ0 भवन, आई0पी0 एस्टेट, नई दिल्ली-11002 द्वारा दो बोली प्रणाली द्वारा (1) पूर्व योग्यता आवेदन (2) वित्तीय बोली में वे विशेषज्ञ फर्म जो एस0आई0टी0सी0 ऑफ सी0सी0टी0वी0 सिस्टम में विशेषज्ञ हो (specialized agency for SITC of CCTV system) का अनुभव हो, से निम्नलिखित कार्य के लिए आनॅलाईन के माध्यम से मद दर ई-निविदाएं की जाती हैं।

नि0आ0सू0 सं0 423/का0अभि0(वै) लो0नि0 वि0दि0उ0न्याय0एवं न0दि0/सेन्ट्रल/2017-18

कार्य का नामः आर्ट्स कॉलेज, 20-22 तिलक मार्ग, नई दिल्ली के कॉलेज कैम्पस में सी0सी0टी0वी0 कैमरों का एस0आई0टी0सी0 कार्य

अनुमानित लागत -रू 1814264/-
अग्रिम धन- रू 36285/-
कार्य समापन अवधि- 01 महीना
ई-टैंडरिंग के माध्यम से निविदा भरने/अपलोड करने की अंतिम तिथि 12/03/2018 अप0 3.00 बजे तक।

विस्तृत विवरण https://govtprocurement.delhi.gov.in से प्राप्य हैं।

निविदा आई0डी0 सं0 2018_PWD_146321_1

(2) भारत के राष्ट्रपति की ओर से, कार्यपालक अभियंता (वैद्युत) लो0नि0वि दिल्ली उच्च न्यायालय एवं नई दिल्ली/सेन्ट्रल, भूतल, एम0एस0ओ0 भवन, नई दिल्ली द्वारा के0लो0नि0वि0 में उपयुक्त कम्पोजिट श्रेणी में सूचीबद्ध ठेकेदारों एवम एम0ई0एस0, बी0एस0एन0एल0, रेलवे तथा अन्य राज्य सरकार विभाग के अन्य अनुभवी गैर पंजीकृत ठेकेदार रोड व भवन कार्य से सम्बन्धित जोकि समान कार्य का निष्पादन में दक्ष हो, से निम्नलिखित कार्य के लिए आनॅलाईन के माध्यम से मद दर ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

नि0आ0सू0 सं0 435/का0अभि0(वै) लो0नि0 वि0दि0उ0न्याय0एवं न0दि0/सेन्ट्रल/2017-18

कार्य का नामः दिल्ली पुलिस भवन आसफ अली रोड, नई दिल्ली में स्थापित वैद्युत संस्थापनों एवं पखों का अनुरक्षण परिचालन एवम पम्प सेटस, डी0जी0 सेटस, यात्री लिफ्टस व एयर कंडिशनर का नियमित अनुरक्षण व परिचालन। (उपशीर्षः- विभिन्न क्षमता वाले डी0जी0 सेटस एवम् पीने के पानी के पम्प सेटस का नियमित अनुरक्षण व परिचालन।)

अनुमानित लागत -रू 1009200/-
अग्रिम धन- रू 20184/-
कार्य समापन अवधि- 12 महीने
ई-टैंडरिंग के माध्यम से निविदा भरने/अपलोड करने की अंतिम तिथि 12/03/2018 अप0 3.00 बजे तक।

विस्तृत विवरण https://govtprocurement.delhi.gov.in से प्राप्य हैं।

निविदा आई0डी0 सं0 2018_PWD_146366_1
DIP/Shabdarth/3520/17-18

आस्ति की ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री

फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : दानी कार्पोरेट पार्क, 5वां तल, 158, सी.एस.टी. रोड, कलीना, सांताक्रूज (पू), मुंबई-400098
फोन : 022-6741 2314, फैक्स : 022-6741 2313, सीआईएन : यू67190एमएच2007पीटीसी168303 ई-मेल : info@.phoenixarc.co.in
वेबसाइट : www.phoenixarc.co.in अधिक विवरण के लिए देखें : www.facebook.com/phoenixarcpvtltd

ऑनलाइन ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 6, 7, 8 एवं 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) के प्रावधानों के निबन्धनों में)

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि फीनिक्स ट्रस्ट-एफवाई17-08 (फीनिक्स) के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए (साउथ इंडियन बैंक द्वारा समनुदेशन अनुबंध दिनांक 17-03-2017 के माध्यम से फीनिक्स के पक्ष में ऋणों के समनुदेशन के अनुसरण में) फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड को बंधक की गई निम्नलिखित सम्पत्ति नीचे दिए विवरण के अनुसार बकाया तथा आगे ब्याज, प्रभार तथा लागतों इत्यादि की वसूली के लिए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 6, 7, 8 एवं 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) के प्रावधानों के तहत वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन ई-नीलामी" द्वारा "जैसी है जहां है तथा जैसी है जो भी है आधार" जाएगी।

कर्जदार का नाम	(1) मैसर्स सिस्टम प्रोटेक्शन्स, एफ7ए न्यू पालम विहार, गुड़गांव, हरियाणा (2) श्री कुलदीप कुमार भट्ट तथा सुश्री अंजलि भट्ट, ए-18, आर्य नगर अपार्टमेंट, आईपी एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110092
गारंटर का नाम	कर्जदार सं. (1) द्वारा प्राप्त की गई वित्तीय सुविधाओं के लिए (1) कुलदीप कुमार भट्ट (2) अरूण कुमार वर्मा (3) अंजलि भट्ट (4) ज्योति वर्मा कर्जदार सं. (2) द्वारा प्राप्त की गई वित्तीय सुविधाओं के लिए : शून्य
सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत सूचना की तिथि तक बकाया राशि/प्रतिभूत ऋण	(1) मैसर्स सिस्टम प्रोटेक्शन्स, सीसीओएल खाता नंबर 0410083000000009 में दिनांक 31-08-2013 तक रू. 1,12,50,804/- (रूपए एक करोड़ बारह लाख पचास हजार आठ सौ चार मात्र) आगे 01-09-2013 से मासिक अंतराल पर 16.85 प्रतिशत वार्षिक दर पर ब्याज तथा 2 प्रतिशत वार्षिक दंड ब्याज सहित। (2) श्री कुलदीप कुमार भट्ट, हाउसिंग लोन खाता नंबर 0410655000000042 में दिनांक 31-08-2013 तक रू. 50,35,103/- (रूपए पचास लाख पैंतीस हजार एक सौ तीन मात्र) आगे 01-09-2013 से मासिक अंतराल पर 15.25 प्रतिशत वार्षिक दर पर ब्याज तथा 2 प्रतिशत वार्षिक दंड ब्याज सहित।
सरफासी ऐक्ट के तहत कब्जा प्राप्त किया गया	भौतिक
निरीक्षण की तिथि	23-02-2018 (तेईस फरवरी दो हजार अठारह) (शुक्रवार) - अप. 3.30 बजे से अप. 05.30 बजे के बीच
धरोहर राशि जमा	रू. 8,11,400/- (रूपए आठ लाख ग्यारह हजार चार सौ मात्र) "फीनिक्स ट्रस्ट-एफवाई17-08 के पक्ष में आरटीजीएस द्वारा जमा करनी होगी, चालू खाता : 0812529164 ; कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, शाखा : बीकेसी, आईएफएससी कोड : केकेबीके0001368
बिड (ई-नीलामी) जमा करने की अंतिम तिथि	16-04-2018 (सोलह अप्रैल दो हजार अठारह) (सोमवार) - बैंक का कार्य समय समाप्त होने से पहले
सुरक्षित मूल्य	रू. 81,14,000/-, (रूपए इक्यासी लाख चौदह हजार मात्र)
बिड वृद्धि	रू. 50,000/- एवं ऐसे गुणज
ई-नीलामी की तिथि	17-04-2018 (सत्रह अप्रैल दो हजार अठारह) (मंगलवार) - पूर्वा. 11 बजे से दोपहर 12.00 बजे के बीच
ई-नीलामी की विधि	ऑनलाइन ई-नीलामी
नीलाम की जा रही प्रतिभूत आस्ति का वर्णन	श्री कुलदीप कुमार भट्ट तथा सुश्री अंजलि भट्ट द्वारा स्वाधिकृत सम्पत्ति : फ्लैट नंबर एसकेएफ-216, द्वितीय तल, विस्टा प्रोजेक्ट, फेज-4, शिप्रा कृष्णा, प्लॉट नंबर 14, अहिंसा खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, परिमाप 147.82 वर्ग मीटर (1590.54 वर्ग फीट) चौहद्दी — उत्तर : जीना, पूरब : खुली जगह, दक्षिण : एसकेएफ-212, पश्चिम : एसकेएफ-215

नियम एवं शर्तें :

1. नीलामी बिक्री प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफासी ऐक्ट के प्रावधानों के तहत ई-नीलामी की सहायता और माध्यम से संचालित की जा रही है। नीलामी/बोलीदान वेबसाइट http://www.bankeauctions.com के माध्यम से केवल "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक विधि" से किया जाएगा। मै. सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म की व्यवस्था हेतु सेवा प्रदाता है।
2. नीलामी बोली दस्तावेज के नियम एवं शर्तों तथा उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संचालित की जाएगी। बोलीदाता बोली दस्तावेज, नीलाम की जा रही प्रतिभूत आस्ति के विस्तृत विवरण/बोली प्रपत्र प्राप्त करने के लिए फीनिक्स की वेबसाइट www.phoenixarc.co.in तथा सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.bankeauctions.com देखें।
3. बोलीदाता अपनी पसंद के स्थान/अपने स्वयं के कार्यालय से ई-नीलामी उद्धृत करते हुए/बोली लगाते हुए ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। प्रत्येक बोलीदाता को इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्राधिकृत अधिकारी/फीनिक्स/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, बिजली की गड़बड़ी इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
4. संभावित बोलीदाता विस्तृत विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ई-नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क नम्बर : 91-120-4888888, 91-124-4302000, 09821690968, ई-मेल आईडी : support@bankeauctions.com पर सम्पर्क करें।
5. बोलीदाता नीलामी के लिए रखी गई प्रतिभूत आस्ति के विवरण के सत्यापन के लिए/बिड फार्म प्राप्त करने के लिए फीनिक्स की वेबसाइट www.phoenixarc.co.in देखें।
6. ई-नीलामी यहां ऊपर दी गई तिथि एवं समय पर संचालित की जाएगी, जब उपरिवर्णित प्रतिभूति आस्ति "जैसा है जहां है" आधार और "जैसा है जो भी है" शर्त पर बेची जाएगी।
7. सभी इच्छुक क्रेता/बोलीदाताओं को उपरोक्त तिथि एवं समय पर ई-नीलामी में भाग लेने के लिए उपरिवर्णित पोर्टल https://www.bankeauctions.com में अपना नाम पंजीकृत करवाना और यूजर आईडी तथा पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना होगा।
8. सभी इच्छुक क्रेता/बोलीदाताओं को ई-नीलामी में भाग लेने के लिए प्रतिभूत आस्ति के सुरक्षित मूल्य के 10 प्रतिशत की प्रतिदेय धरोहर राशि जमा के भुगतान का विवरण पैनकार्ड, कम्पनी के मामले में बोर्ड प्रस्ताव और पता प्रमाण की प्रतियों सहित दिनांक 16-04-2018 को अथवा पूर्व जमा करना होगा। इच्छुक क्रेता/बोलीदाताओं को यहां ऊपर वर्णित प्रत्येक आइटम के लिए अलग ईएमडी जमा करनी होगी।
9. सफल क्रेता/बोलीदाता को अपनी बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) यहां ऊपर वर्णित खाते में आरटीजीएस द्वारा दिनांक 17-04-2018 अर्थात नीलामी की तिथि को अथवा पूर्व जमा करनी होगी, जिसकी पुष्टि फीनिक्स द्वारा की जाएगी तथा किसी चूक की स्थिति में बिक्री अमान्य करार दी जाएगी और उक्त सफल क्रेता/बोलीदाता की ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
   जिस बिड फार्म के साथ ईएमडी नहीं होगी अथवा सुरक्षित मूल्य के 10 प्रतिशत से कम होगी, वह बिड फार्म तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा।
10. ई-नीलामी में सफल नहीं होने वाले अन्य बोलीदाताओं की ईएमडी फीनिक्स द्वारा ई-नीलामी समाप्त होने के 48 घंटे के भीतर वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
11. सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा क्रय राशि की देय शेष राशि उक्त प्रतिभूत आस्ति की बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन अथवा लिखित सहमति द्वारा आगे बढ़ाई गई अवधि के भीतर जमा करनी होगी। किसी चूक की स्थिति में, उस समय तक जमा की गई सभी राशियां जब्त कर ली जाएंगी।
12. संभावित बोलीदाता, सम्पत्ति के निरीक्षण के लिए और अधिक विवरण के लिए सुश्री गुरलीन छाबड़ा/श्री अजित केविन से उपरोक्त पते पर अथवा gurleen.chhabra@phoenixarc.co.in/ajit.kewin@phoenixarc.co.in (ईमेल) पर अथवा 0916790326/09619866780 (मोबा.) पर सम्पर्क कर सकते हैं।
13. अपनी बोली देने से पूर्व, प्रतिभूत आस्ति ऋणभार, नीलामी हेतु सम्पत्ति का स्वामित्व तथा प्रतिभूत स्थित कि बारे में दावों/अधिकारों /बकाया, जिसमें सांविधिक बकाया तथा विनिर्देश शामिल हैं, के बारे में निरीक्षण, सत्यापन तथा संतुष्टि करना एकमात्र रूप से इच्छुक बोलीदाता की जिम्मेदारी होगी।
14. समाचार पत्र में प्रकाशित नीलामी सूचना में विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी के सर्वश्रेष्ठ जानकारी तथा ज्ञान के अनुसार वर्णित किए गए हैं, तथापि अधोहस्ताक्षरी किसी त्रुटि, गलत विवरण अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
15. नीलामी के किसी भी चरण में, प्राधिकृत अधिकारी, बिना कोई पूर्व सूचना दिए तथा बिना कोई कारण बताए, बोली/ऑफर स्वीकार/अस्वीकार /संशोधित/निरस्त कर सकते हैं अथवा नीलामी प्रास्थगित कर सकते हैं।
16. सफल क्रेता/बोलीदाता को लागू कानून के अनुसार सांविधिक देयताएं, कर, देय शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, रजिस्ट्रेशन शुल्क, इत्यादि वहन करने होंगे जो लागू कानून के अनुसार उसके पक्ष में सम्पत्ति हस्तांतरण के लिए भुगतान किए जाने हेतु अपेक्षित हैं।
17. कर्जदार/गारंटर, जो उक्त बकाया राशियां चुकाने हेतु उत्तरदायी हैं, इस बिक्री सूचना को उपरोक्त नीलामी बिक्री के आयोजन के बारे में प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली के नियम 8(6) के तहत सूचना मानेंगे।
18. यदि उपरोक्त निर्धारित नीलामी किसी भी कारणवश असफल रहती है, तो फीनिक्स को सरफासी ऐक्ट, 2002 के प्रावधानों के तहत प्राइवेट ट्रीटी द्वारा इस सूचना के माध्यम से नीलामी के ति प्रतिभूत आस्ति बेचने का अधिकार होगा।

हस्ता. /-
प्राधिकृत अधिकारी,
फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड, फीनिक्स ट्रस्ट-एफवाई17-08

स्थान : गाजियाबाद
तिथि : 07-03-2018